वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :4 अंक : 209 सोमवार 25 नवम्बर 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## राइजिंग राजस्थान की तैयारी का जायजा लेने पहुंचे निगम कमिश्नर

### 4 घंटे तक किया शहर का निरीक्षण, बोले जलमहल पाल की बदलेगी सूरत

**जयपुर. कासं**

राइजिंग राजस्थान आयोजन को लेकर हेरिटेज निगम आयुक्त अरुण कुमार हसीजा ने अवकाश के दिन भी रविवार को सफाई व्यवस्था और रंगरोगन का निरीक्षण किया। इस दौरान आयुक्त अरुण हसीजा ने दिल्ली रोड, ट्रांसपोर्ट नगर, आमेर, जल महल, राम निवास बाग, ब्रह्मपुरी, ताल कटोरा, जय निवास उद्यान, गलता गेट इलाको में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौके पर ही आयुक्त अरुण हसीजा ने निगम अधिकारियों को स्वच्छता और काम की गुणवत्ता को लेकर दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने निगम जोन उपायुक्त, स्वास्थ्य शाखा अधिकारी और इंजीनियरिंग विंग को सफाई व्यवस्था सुदृढ़ बनाने, ग्रीन वैली में सफाई व्यवस्था को और बेहतर करने के भी निर्देश दिए। वहीं जल महल की पाल पर हेरिटेज निगम के द्वारा किए गए कार्यों का निरीक्षण भी किया। इस दौरान हेरिटेज निगम आयुक्त अरुण हसीजा ने कहा कि राइजिंग राजस्थान में मेहमानों को अतिथि देवो भव की झलक दिखेगी। जयपुर शहर एक ऐतिहासिक महत्व रखने वाला शहर है। देश - दुनिया से लोग शहर में स्थापित विरासत को झलक को देखने आते है। ऐसे में हेरिटेज निगम शहर को स्वच्छ और सुन्दर बनाने में कसर नहीं छोड़ेगा। इसके लिए आमजन का भी सहयोग लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली रोड शहर में प्रवेश का द्वार है। ऐसे में अतिथियों को प्रवेश के दौरान ही शहर की खूबसूरती का नजारा दिखना चाहिए। सभी जोन उपायुक्त और शाखा प्रभारी को निर्देश दिए कि वे क्षेत्र में लगातार मॉनिटरिंग करें और जो भी कमी दिखें, उसे तुरंत ठीक कराएं। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्रवन कुमार वर्मा, उपायुक्त सतर्कता पुष्पेंद्र सिंह राठौड़, हवामहल जोन उपायुक्त सीमा चौधरी और अन्य निगम अधिकारी मौजूद रहे।

# भाजपा की संगठन संरचना बूथ से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक लोकतांत्रिक प्रक्रिया से होती है : सीएम

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

भाजपा के प्रदेश कार्यालय में संगठन पर्व के तहत सक्रिय सदस्यता और संगठनात्मक चुनाव बैठक का आयोजन हुआ। बैठक को भाजपा राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी डा. राधामोहन दास अग्रवाल, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष व साधारण सदस्यता अभियान प्रदेश संयोजक अरुण चतुर्वेदी, सक्रिय सदस्यता अभियान प्रदेश संयोजक ओंकार सिंह लखावत ने संबोधित किया। पूर्व सीएम वसुंधरा राजे भी भाजपा कार्यालय पहुंची। बैठक में राजे ने कहा कि मुझे मीटिंग के लिए 2 बजे की सूचना थी। मैं व्यक्तिगत तौर पर नव निर्वाचित विधायकों को बधाई देना चाहती थी। इसलिए यहां आई। इसके कुछ देर बात वसुंधरा राजे वहां से दिल्ली के लिए निकल गई। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सहित अन्य नेताओं ने उपचुनाव में जीते भाजपा प्रत्याशियों को बधाई दी। बैठक में प्रदेश प्रभारी राधामोहन दास अग्रवाल ने कहा कि राजनीति की दो जातियां होती है, एक सत्ता और दूसरी संगठन। हमें संगठन को मजबूत बनाते हुए हर जिले में सक्रिय सदस्यता अभियान को सफल बनाना है। सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि



भाजपा ही एक ऐसा राजनैतिक दल है जिसका संविधान है और पंच निष्ठाएं है। भाजपा की संगठन संरचना बूथ से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक लोकतांत्रिक प्रक्रिया से होती है। भाजपा में प्रवेश युवा मोर्चा के माध्यम से होता है जो युवाओं के लिए राजनीति की पहली पाठशाला है। भाजपा व्यक्ति विशेष संगठन नहीं है। भाजपा में हमेशा देश को प्रथम, दूसरे पर पार्टी और तीसरे नंबर पर व्यक्ति को रखा जाता है। प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि सभी पदाधिकारियों को बूथ स्तर तक की संरचना के लिए संगठन चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। सभी जिलो में जिला कार्यशाला, मंडल कार्यशाला का आयोजन कर संगठन संरचना पर जोर देना है। सक्रिय सदस्यता अभियान संयोजक ओंकार सिंह लखावत ने संगठन पर्व और संगठनात्मक चुनाव की जानकारी देते हुए कहा कि यह सबसे महत्वपूर्ण पर्व है जो की छह वर्ष बाद आयोजित जो रहा है। साधारण सदस्यता अभियान और पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि साधारण सदस्यता अभियान का पोर्टल 25 नवंबर को बंद हो जाएगा और सक्रिय सदस्यता अभियान का पोर्टल 30 नवंबर को बंद हो जाएगा। आगामी 5 दिसंबर को संगठन महापर्व का समापन हो जाएगा।

# एमएलजेडएस की शुरूआत में गुरुकुल शिक्षा को किया याद

### बाल मुकुंदाचार्य बोले- वैदिक संस्कृति को भी साथ रखे आधुनिक शिक्षा पद्धति

**जयपुर. कासं।** शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश आगे बढ़ रहा है। मैं निवेदन करना चाहूंगा कि भारतीय संस्कृति गुरुकुल पदित में दिखाई देती है। पूरी दुनिया में गुरुकुल में लोग पढ़ने आते थे। विदेश से भी लोग आते थे। वैदिक संस्कृति और हमारी गणित के अलावा संस्कृत की पढ़ाई भी होनी चाहिए। भारतीय वैदिक संस्कृति और यहां की मेथ्स को ध्यान में रखकर हमें पढ़ाई करानी चाहिए। संस्कृत से भाषा शुद्ध होती है इसलिए वैदिक व भारतीय संस्कृति को साथ में लेकर अध्ययन हो तो अच्छा रहेगा। ये कहना था हवा महल विधायक बाल मुकुंदाचार्य का, जो भारत में के-12 स्कूलों की श्रृंखला माउंट लिटेरा जी स्कूल की शुरूआत कालवाड़ में कर रहे थे। इनोग्रेशन में मुख्य अतिथि रहे बालमुकुंद आचार्य ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए वैदिक संस्कृति को भी साथ लेकर चलने की बात कही। निदेशक-अकादमिक भूषण कुमार ने बताया



कि वैश्विक पाठ्यक्रम में निर्बाध रूप से एकीकृत होने के साथ अद्यतन और प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए एक ऐसे शैक्षणिक संस्थान की आवश्यकता होती है जो दूरदर्शी, समग्र विकास उन्मुख, वैचारिक रूप से ठोस, भावनात्मक, शारीरिक, मानसिक कल्याण और सांस्कृतिक हो। वहीं वरिष्ठ प्रबंधक संचालन सब्यसाची चटर्जी ने भी विचार रखे।

# जयकारों के बीच दीक्षार्थियों की पंचमेवो से गोद भराई



## श्रद्धालुओं ने भजन कीर्तन और मंगल गीत गाए

**निवाई. शाबाश इंडिया**

आचार्य विशुद्ध सागर महाराज के संघस्थ पांच दीक्षार्थी भैया की जैन समाज के श्रद्धालुओं ने शहर में स्थित विशुद्ध विला पर गाजे बाजे से गोद भराई की। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला एवं सुनील भाणजा ने बताया कि आचार्य विशुद्ध सागर महाराज के सानिध्य में आयोजित होने वाली दीक्षा में निवाई से सैकड़ों श्रद्धालु जाएंगे इस उपलक्ष्य पर शनिवार को निवाई में दीक्षार्थी भैया अंकुर, दीक्षार्थी मंयक भैया, दीक्षार्थी गणेश भैया, दीक्षार्थी यशवन्त भैया, एवं दीक्षार्थी अनिल भैया निवाई पहुंचे जहां पदमचंद जैन राजेन्द्र कुमार जैन अशोक जैन अनन्त जैन शुभम जैन अर्पित जैन हर्षित जैन एवं विशुद्ध भक्त परिवार द्वारा गाजे बाजे से अगुवानी की। जैन धर्म प्रचारक विमल जौंला एवं महावीर प्रसाद पराणा ने बताया कि विशुद्ध विला पर गाजे बाजे के साथ पांचों दीक्षार्थियों की पंचमेवो से क्षोल भरकर गोद भराई की गई जिसमें धर्म प्रभावना महिला मण्डल एवं सैकड़ों महिलाओं ने भजन कीर्तन करते हुए मंगल गीत गाए। राकेश संधी ने बताया कि जैन समाज के श्रद्धालु सुशील जैन विष्णु बोहरा हुकमचंद जैन पारसमल जैन संजय जैन सुनीता जैन मंजू जैन सीमा जैन नीरज जैन पंकज जैन शांतिलाल जैन विमल जैन नरेंद्र जैन सूरजमल नवरत्न जैन त्रिलोक जैन शंभु कठमाणा सहित अनेक लोगों ने पंचमेवो से क्षोल भरकर गोद भराई की।

# 25 वां नि :शुल्क हड्डी रोग जांच शिविर में 73 लाभन्वित

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** महावीर इंटरनेशनल कुचामन सिटी के तत्वावधान में श्रीमती गुणमाला देवी कमल कुमार पाण्ड्या के सौजन्य से 25 वां निःशुल्क हड्डी, जाँच जॉइन्ट, लिगामेंट, घुटना रिप्लेसमेंट सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. जितेश जैन (राजस्थान हॉस्पिटल, जयपुर) अरिहंत हेल्थ केयर सेन्टर राजकीय चिकित्सालय के पास 24/11रविवार को आयोजित किया गया। शिविर संयोजक वीर सदीप पाडंया, वीर अशोक कुमार गगंवाल, वीर रतनलाल मेघवाल, अध्यक्ष वीर रामावतार गोयल,डाक्टर जितेश जैन, दानदाता परिवार से वीर कैलाश चन्द वीर निर्मल पाडंया सचिव अजित पहाडिया ने शिविर शुभारंभ किया। वीर अशोक अजमेरा ने बताया कि शिविर में लाडनु ,मीठडी, क्यामसर, शहर के 73 लोगों ने परामर्श लिया 23 एक्सरे 42 व रक्त सम्बंधित जांचें निःशुल्क की गई। नरेश जैन के अनुसार शिविर में कोषाध्यक्ष वीर सुरेश गगंवाल, वीर प्रदीप काला, वीर जीवण सिह, वीर नन्दकिशोर बिडसर, वीर तेजकुमार बडजात्या, वीर सुरेंद्र सिह दीपपुरा, वीर पारस पहाडिया, वीर राहुल झाझरी, वीर प्रवीण डोसी,महेश लढा, बोदु कुमावत नितेश चौधरी सुरजीत वैष्णव ने शिविर में सराहनीय सहयोग किया। **-वीर सुभाष पहाडिया**




# फ्रेंड्स क्लब महावीर नगर न्यूजीलैंड की यात्रा पर रवाना



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** एल फ्रेंड्स क्लब महावीर नगर जयपुर न्यूजीलैंड की यात्रा पर रवाना हुआ। इसमें दिगंबर जैन महासमिति के राष्ट्रीय महामंत्री सुरेंद्र कुमार जैन ने बताया कि यात्रा में घूमने के साथ साथ जैन धर्म के सिद्धांत अहिंसा, जीवों और जीनों दो के सिद्धांत का भी प्रचार प्रसार किया जायेगा। यात्रा में जस्टिस नरेंद्र कुमार जैन, सुरेश काला, सुरेश सोगानी और कैलाश जैन सहित अनेक लोग शामिल है।

# विज्ञातीर्थ क्षेत्र पर हुआ श्री शांतिनाथ महामंडल विधान का भव्य आयोजन

**गुन्सी, निवाई. शाबाश इंडिया।** श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ गुन्सी राजस्थान की पावन धरा पर भारत गौरव गणिनी गुरुमां विज्ञाश्री माताजी ससंघ पावन सानिध्य में कमल रेणु जैन सिद्धार्थ नगर जयपुर सपरिवार ने बड़े ही थाट बाट से शांतिनाथ विधान का आयोजन किया। विधान मंडल पर 120 अर्घ्य चढाकर भगवान शांतिनाथ जी की विशेष आराधना की गई। तत्पश्चात सभी भक्तों ने भगवान शांतिनाथ की मंगल आरती संपन्न की। प्रतिक जैन सेठी ने बताया की पूज्य माताजी के सानिध्य में पट्टाचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज के संघस्थ दीक्षार्थी भाइयों की गोद भराई का भव्य आयोजन संपन्न हुआ।


पुण्यस्मरण



स्वर्गवास 24/11/2017

पूज्य उपाध्याय श्री ऊर्जयन्त सागर मुनिराज के पुर्वग्रहस्त जीवन मातोश्री

स्व श्रीमती इंद्रा देवी जैन

पूज्य मातु श्री की पवित्र एक युग को जन्म दे गई जिन्होंने उपाध्याय परमेष्ठी का रूप धारण के पतितो को मार्ग प्रशस्त कर आत्मोद्धार का वीणा उठाया ऐसी पवित्र आत्मा को शत शत नमन

* * भावपूर्ण श्रद्धांजली * *

AVS FOUNDATION

ए वी एस फाउण्डेशन

एवं समस्त गुरूचरणानुरागी भक्त मित्रपरिवार

# कोटा संभाग में पहली बार HLA निःशुल्क जांच शिविर के साथ अन्य सामाजिक सेवा कार्यक्रम मे हुये 204 रजिस्ट्रेशन




**बूंदी।** रक्तदान जीवनदान टीम बूंदी संस्थापक ब्लड डोनर रामलक्ष्मण मीणा नर्सिंग ऑफिसर ने स्वयं अपने जन्मदिन 24 नवंबर 2024 को सामाजिक सेवा के रूप में रेडक्रॉस भवन बूंदी में मनाया गया। जिसमें उर्मिला स्टेट कोऑर्डिनेटर राजस्थान ने बताया कि इस कार्यक्रम की खास बात ये रही कि कोटा संभाग मे पहली बार HLA निःशुल्क जांच शिविर बूंदी में रामलक्ष्मण मीणा नर्सिंग ऑफिसर द्वारा आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत पूजा अर्चना करके शुरू की गई जिसमें 29 यूनिट रक्तदान, 72 पौधे वितरण,नेत्रदान संकल्प पत्र 34 आवेदन, 34 HLA निःशुल्क जांच, अनाथाश्रम के 15 बच्चों के लिए पाठ्य सामग्री गोपाल मीणा व आसाराम मीणा को दी गई, 20 जोड़ी चप्पल तेजस्विनी बालिका खुला आश्रय की लड़कियों के लिए सुनीता जी को दी गई। इस अवसर पर अतिथिगण खुशीराम मीना, विकास दीक्षित, रितेश सोनी, सुदेश गोतम सत्यनारायण मीणा, दौलत मीणा, जगदीश मीणा, नेतराम मीणा , शंभू लाल मीणा, सौरभ मीना आदि अतिथिगणों ने अपनी उपस्थिति प्रदान की।

# डडूका पार्श्वनाथ जिनालय में यागमंडल विधान संपन्न




**अजीत कोठिया. शाबाश इंडिया**

डडूका। दशा हूमड़ दिगंबर जैन समाज डडूका द्वारा आज पार्श्वनाथ जिनालय डडूका में यागमंडल विधान का आयोजन समाजजनों द्वारा किया गया। विधान से पूर्व भगवान आदिनाथ का जलाभिषेक राजेश के शाह परिवार द्वारा किया गया। याग मंडल विधान के मांडने का अनावरण महावीर डी शाह परिवार ने किया। दीप प्रज्वलन प्रेमलता सी शाह परिवार ने किया। विधान मे द्रव्य सामग्री नीलम राजेश शाह परिवार की ओर से समर्पित की गई। मंगल कलश स्थापना राजेश नीलम शाह परिवार द्वारा की गई। याग मंडल विधान मे 251अर्घ्य स्थानीय प्रतिष्ठाचार्यों राजेन्द्र कोठिया एवं मनोज एस शाह के आचार्यत्व में समाज के बुजुर्गों, बहनों, युवाओं एवं जैन पाठशाला के बच्चों ने समर्पित किए। समाज अध्यक्ष राजेश के शाह, सूरजमल शाह, लक्ष्मीलाल शाह, धनपाल शाह, रमनलाल शाह , चंद्रपाल शाह, केशवलाल डी शाह, बदामीलाल कोठिया ने राजेन्द्र कोठिया एवं मनोज शाह का सफल विधान संचालन हेतु समाज की ओर से माल्यार्पण द्वारा अभिनन्दन किया। आयोजन मे अजीत कोठिया, अशोक शाह, वस्तुपाल शाह, बदामीलाल कोठिया, भरत जैन, रितेश जे शाह, जय कुमार शाह, अनिल कोठिया, दीपेश जैन, रोकी गांधी, महिपाल सेठ, अंकित डी शाह, निवेश वीं शाह, मनोज सी शाह, हितेश जैन, दिनेश जे शाह, राजमल शाह, रितेश आर शाह, मितेश आर शाह, मुकेश के शाह तथा तेजपाल शाह सहित कई समाज जन एवं महिला मंडल की बहने उपस्थित थी। अंत में आभार समाज अध्यक्ष राजेश के शाह ने व्यक्त किया।

# अन्तर्मना आचार्य प्रसन्न सागरजी महाराज के प्रवचन से...

## कुलचाराम से बद्रीनाथ अहिंसा संस्कार पदयात्रा वर्धा महाराष्ट्र से

## वे मुर्ख लोग हैं, जो गुजरे हुए वक्त को खोजते हैं..!



**शाबाश इंडिया।** समय धन से ज्यादा मूल्यवान उनके लिए है जिन्होंने समय की नसीहत को जाना और समझा है। धन आज है, कल जा भी सकता है और गया हुआ धन, वापिस भी आ सकता है। लेकिन जो समय हाथ से एक बार निकल गया वह कभी लौट कर वापिस नहीं आयेगा। समय जब बीत जाता है, तब हमें उसके महत्व का एहसास होता है। जब हम वक्त को यूं ही गुजारते हैं, या टाइम पास करते हैं तब दुःख और अफसोस के अलावा हमारे पास कुछ नहीं बचता। जो समय का सदुपयोग करता है वह धनवान, बुद्धिमान, और बलवान बन जाता है।जो समय का सम्मान करता है, समय उसका ज़िन्दगी भर सम्मान कराता है।इसलिए कहते हैं ना - समय बड़ा बलवान।समय के आगे किसी की नहीं चलती।समय राजा को रंक और रंक को राजा बना देता है।इसलिए कभी सफलताओं पर घमंड नहीं करना चाहिए। हर व्यक्ति के जीवन में अच्छा बुरा वक्त जरूर आता है।इसलिए अच्छे वक्त में इतराना नहीं , बुरे वक्त में घबराना नहीं। क्योंकि बुरे वक्त की एक अच्छी बात है कि वह भी गुजर जाता है।यदि हम समय को बर्बाद करते हैं तो कल समय हमें भी बर्बाद कर सकता है।इसलिए जीवन की सफलता के लिए, समय, श्रम और सकारात्मक सोच का सम्मान करते रहना चाहिए। **-नरेंद्र अजमेरा, पियुष कासलीवाल औरंगाबाद।**

# आप अपनी आदतों को सुधार लो तो जीवन सुधर जायेगाः मुनि श्री अरहसागर जी महाराज

## पहली बार चौंसठ रिद्धि मंत्रो के साथ हो रही है शान्ति धारा : विजय धुर्रा



**अशोक नगर. शाबाश इंडिया।** आप लोगों ने मुनि पुगंव श्रीसुधासागर जी महाराज के प्रवचनों को सुना है उनके प्रवचन से व्यक्ति का जीवन बदल जाता है जीवन बदलने के लिए बहुत कुछ करने की जरूरत नहीं है बस अपनी आदतों में सुधार कर लो तो जीवन सुधर जायेगा आप एकाग्रता पूर्वक सुनते चले जाते हैं हम तीस मिनट का सम्बोधन देंगे व्यक्ति की सारी जिंदगी जोड़ने में व्यस्ती हो गई उसे पता ही नहीं चलता कि जीवन कव ढलान की ओर बढ़ गया सारा जीवन आश्रव और वंध में चला जाता है कभी सवंर और निर्जरा की ओर भी दृष्टि गई जिस दिन आप अपने जीवन का मूल्यांकन करने बैठोगे तो महसूस करोगे कि सारा जीवन व्यर्थ चला गया उक्त आश्य केउद्गार सुभाष गंज में धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के शिष्य मुनिश्री अरह सागर जी महाराज ने व्यक्त किए। इस दौरान मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागर जी महाराज ने जो विधि अभिषेक पूजन की बताई है प्रायः सभी भक्तों ने श्रावक संस्कार शिविर से उसे सीखा और जाना है और उसी विधि से पूजन पाठ करते हैं आपके द्वारा जो विशेष मंत्रो से शान्ति धारा कराई जा रही है ये पहली बार चौंसठ रिद्धि मंत्रो से शान्ति धारा का सौभाग्य भक्तों को मिल रहा है इसके पहले आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन मन्दिर कमेटी के संयोजक उमेश सिघई ट्रस्टी राजकुमार कासल सुरेश भारिल्ल राजेश कासल ने किया बहीं गौशाला कमेटी के कोषाध्यक्ष निर्मल मिर्ची राकेश कासंल जैन युवा वर्ग के नीरज पठा संजीव लाला संजीव अभिलाष निकलेश जैन ने शास्त्र भेंट किए

## वेद ज्ञान


### हमें मुक्ति नहीं चाहिए

मुक्ति के संबंध में लोगों के मन में बहुत अधिक भ्रांति समाई है। भक्ति का विषय आते ही धार्मिक विषय की चर्चा करने वाले लोगों का कथन होता है कि अरे हमें मुक्ति से क्या काम। मुक्ति हो जाने से तो हम परमात्मा में ऐसे विलीन हो जाएंगे जैसे पानी की बूंद समुद्र के अथाह जल में विलीन होकर अपना अस्तित्व समाप्त कर देती है। फिर उसका कुछ अता-पता नहीं चलता। इसलिए हमें मुक्ति नहीं चाहिए। हम तो बार-बार इस संसार में आना चाहते हैं। संसार में आकर हमें तो सिर्फ भगवान की भक्ति करने से ही मतलब है। इसी प्रकार की धारणा रखने वाले सत्य को नहीं जानते। परमात्मा की भक्ति करने के लिए मुक्ति को जानना व समझना नितांत आवश्यक है। मुक्ति को समझ लेने के बाद ही सच्ची भक्ति की प्रक्रिया प्रारंभ होती है। इसे इस प्रकार समझना होगा जैसे कोई आपके दोनों हाथों को रस्सी से बांध दे और फिर आपके सामने स्वादिष्ट भोजन की थाली लाकर आपसे कहे कि लो थाली में रखा भोजन कर लो तो आप तुरंत कह उठोगे कि भाई पहले हमारे दोनों हाथों को तो खोल दो, तभी थाली में रखा भोजन किया जा सकेगा अर्थात बंधन में अभीष्ट की प्राप्ति करना संभव नहीं है। हम यहां लोगों को बंदीगृह में जाते हुए देखते हैं। बंदीगृह में गया हुआ व्यक्ति बेचैन होकर छटपटाने लगता है। वह अपने निकटवर्ती लोगों से आग्रह करने लगता है कि हमें इस बंदीगृह से शीघ्र छुटकारा दिलवाओ। बंदीगृह से छूटने के बाद ही वह चैन की सांस ले पाता है और अपने नियत कार्यों को कर पाता है। ठीक इसी प्रकार आप इस काल के बंदीगृह में आकर अदृश्य बंधन में बंध गए हैं। जगत में फंसकर यहां भांति-भांति की यातनाएं व कष्टों को सहन करने के लिए विवश हो रहे हो। इसलिए प्रथम हमें इस काल के जाल से मुक्ति प्राप्त करना परम आवश्यक है। मुक्ति के विषय को भलीभांति जान लेने के बाद ही भक्ति करना प्रारंभ किया जा सकता है। भक्ति और मुक्ति दोनों की प्राप्ति के लिए हमें ऐसे संत की खोज करनी पड़ेगी, जो पूर्णरूप से तत्वदर्शी हो।

## संपादकीय

# ऑनलाइन गेमिंग के नाम पर सट्टेबाजी

कुछ मशहूर खिलाड़ियों और जानी-मानी हस्तियों ने ''गेमिंग ऐप'' का जिस तरह भ्रमित कर देने वाला प्रचार किया है, उसके बुरे नतीजे साफ दिखने शुरू हो गए हैं। आनलाइन गेमिंग की आड़ में नए तौर-तरीके से सट्टेबाजी हो रही है और उसके शिकार हो रहे हैं किशोर और युवा। आनलाइन गेम की लत उन्हें इस जुए के नए जाल में फंसा रही है। उत्तर प्रदेश के झांसी में नर्सिंग की एक छात्रा ने सट्टे में बड़ी रकम गंवाने के बाद जो किया, वह कोई



अकेली घटना नहीं है। कुछ महीने पहले अलीगढ़ में भी एक लड़के ने ऐसी सट्टेबाजी में हजारों रुपए बर्बाद करने के बाद अपने ही अपहरण की झूठी कहानी रची थी। झांसी में टोडी फतेहपुर की छात्रा ने भी दोस्तों के साथ मिल कर वही कहानी दोहराई और अपने ही परिजनों से छह लाख रुपए की फिरौती मांगी। दरअसल, आजकल आनलाइन सट्टेबाजी का चस्का जिस तरह लोगों को लगा है, वह कई भारतीय परिवारों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। झांसी का मामला ऐसी घटनाओं की एक कड़ी भर है। ऐसे हजारों युवा होंगे जो रोज लाखों रुपए गंवा रहे होंगे और जिन पर किसी की नजर नहीं जा पाती। सवाल है कि किसी तरह की सट्टेबाजी गैरकानूनी होने के बावजूद चोरी-छिपे या खुलेआम विज्ञापन देकर युवाओं को अगर जुए की लत में फंसाया जा रहा है, तो इसके लिए कौन



जिम्मेदार है? आनलाइन गेमिंग के नाम पर चल रहे इस खेल को कौन बढ़ावा दे रहा है और इसके नतीजे क्या आ रहे हैं, यह कानून की नजर में अवश्य होना चाहिए। पिछले कुछ समय से कई 'बेटिंग ऐप्स' और वेबसाइटों पर खुलेआम सट्टेबाजी हो रही है। पहली बार कोई सट्टा जीतता है, तो फिर उसके बाद उसके लिए एक दलदल तैयार हो जाता है, जिसमें घुसने के बाद वह निकल नहीं पाता। शुरू में कमाई हुई, फिर कब सारी पूंजी लुट गई, इसका अहसास तब होता है जब पीड़ित को यह पता चलता है कि दोस्तों से कर्ज लिए रुपए भी डूब गए। यह भी संभव है कि सट्टेबाजी कराने वाली कंपनियां युवाओं की मनोस्थिति भांप कर उनको जाल में फंसाती हों। इस तरह के खेल में उलझना एक अंधी सुरंग में भटक जाने की तरह है। इसमें फंसने वाले युवाओं और किशोरों को बचाने की जरूरत है।

## परिदृश्य

# दुनिया पर मंडराते संकट

दुनिया भर में जलवायु पर मंडराते संकट का दायरा इतना व्यापक और गंभीर है कि विश्व के सभी देश चिंतित हैं और मिल-बैठ कर इसका समाधान निकालना चाहते हैं। इस मकसद से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जलवायु सम्मेलन होते रहते हैं। मगर इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि दशकों से हर वर्ष आयोजित सम्मेलन में ज्यादातर देशों की हिस्सेदारी के बावजूद अब तक कोई ऐसा खाका सामने नहीं आ सका है, जिसमें जिम्मेदारियों और जवाबदेहियों के मसले पर एक न्यायपूर्ण दृष्टि अपनाई जाए और उस पर सभी देशों की सहमति बने। नतीजतन, जलवायु संकट पर आयोजित सम्मेलनों के बाद अब तक कोई ठोस प्रारूप सामने नहीं आ सका है। इस मसले की गंभीरता को समझने और स्वीकार करने के बावजूद ज्यादातर देशों के बीच मतभेद और अपनी जवाबदेही से दूर भागने की प्रवृत्ति क्यों बनी हुई है! गौरतलब है कि इस वर्ष अजरबैजान के बाकू में हुए सीओपी-29 में भी विकसित और विकासशील देशों के बीच समस्याओं की गहराई पर विचार में कोई कमी नहीं देखी गई, मगर समाधान के रास्ते और जिम्मेदारियों के स्तर पर सहमति नहीं बनी। बाकू में विकासशील देशों के लिए नए जलवायु वित्त पैकेज का मसविदा तो पेश किया गया, लेकिन उसमें प्रमुख मुद्दे बरकरार रहे। दरअसल, विकसित देश अब भी इस सवाल का जवाब देने से कतरा रहे हैं कि वे 2025 से विकासशील देशों को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए हर वर्ष कितना वित्तीय सहयोग देने को तैयार हैं। विकासशील देशों ने लगातार इस पक्ष को उठाया है कि ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती और जलवायु अनुकूलन के लिए उन्हें कम से कम तेरह खरब अमेरिकी डालर की जरूरत है। विचित्र यह है कि बाकू में पेश संशोधित मसविदे में विकसित देशों से वित्तीय सहयोग की जरूरत के पहलू को तो स्वीकार किया गया, लेकिन इस पर सहमति के मामले में कोई ठोस उपलब्धि हासिल नहीं हुई। यह समझना मुश्किल नहीं है कि ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती के उपाय लागू करने के संदर्भ में विकासशील देशों को किन जटिल स्थितियों का सामना करना पड़ सकता है! इसमें कोई दोराय नहीं कि ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन जलवायु संकट के लिए सबसे बड़े कारकों में से एक है और बिना देरी किए इसका समाधान निकालने के लिए रास्ते तलाशने की जरूरत है। मगर सवाल है कि क्या इसके लिए केवल विकासशील देश जिम्मेदार हैं! जब भी इस समस्या के दायरे और इसकी जिम्मेदारी लेने की बात उठाई जाती है तो विकसित देशों की ओर से आखिर किन वजहों से कार्बन उत्सर्जन को मुख्य सवाल बनाने की कोशिश होती है? इन्हीं वजहों से गुरुवार को भारत को यह स्पष्ट रूप से कहना पड़ा कि वह विकासशील देशों के लिए जलवायु वित्त से ध्यान हटा कर उत्सर्जन में कमी लाने पर ध्यान केंद्रित करने के विकसित देशों के किसी भी प्रयास को स्वीकार नहीं करेगा। यह छिपा नहीं है कि विकासशील देशों में अभी विकास किस स्तर की चुनौतियों से गुजर रहा है, जबकि विकसित देशों में संसाधनों और सुविधाओं के उपभोग की स्थिति यह है कि जलवायु संकट के लिए जिम्मेदार ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को लेकर अक्सर वही कठघरे में खड़े पाए जाते हैं।

# थर्मल कालोनी में जनसेवा है परिवार कल्याण केन्द्र का जीर्णोद्धार एवं लायब्रेरी की स्थापना



**आजाद शेरवानी. शाबाश इंडिया**

**कोटा।** कोटा थर्मल में तैनात सुरक्षा बल के प्रभारी उप कमांडेंट राकेश निखज सदैव अपना जीवन जनसेवा में बीताते आये हें अपनी डयूटी के साथ ही लोगों की सेवा करना उनके जीवन का परम लक्ष्य रहा है। इसी क्रम में इनके निर्देश पर थर्मल कालोनी में स्थित परिवार कल्याण केन्द्र जिसकी स्थिति काफी दयनीय थी उसका जीर्णोद्धार करवाया गया। साथ ही दस विद्यार्थियों की क्षमता की बलिदानियों को समर्पित एक लायब्रेरी की स्थापना भी की गई। कोटा थर्मल के मुख्य अभियन्ता के एल मीणा उनकी पत्नी एवं केन्द्रीय सुरक्षा बल इकाई कोटा थर्मल के प्रभारी उप कमांडेंट राकेश निखज द्वारा लायब्रेरी का उदघाटन किया गया। उल्लेखनीय हैं कि सी आई एस एफ के अधिकारी राकेश निखज जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा के लिये सदैव प्रयासरत रहते है। इसमें यह एक और कदम प्रेरणादायी है। इस कार्य को सम्पन्न करवाने में सीआईएसएफ के आरक्षक टी आकिब जावेद आरक्षक दर्जी चिराग, आरक्षक संतोष नानजी नैतम एवं उप निरीक्षक अमरदीप का महत्वपूर्ण योगदान रहा। परिवार कल्याण केन्द्र में सीआईएसएफ के बच्चों को एकांत में पढ़ने की व्यवस्था मिलेगी उसके साथ साथ मुफ़्त में नृत्य व अन्य कलाएँ सिखाई जायेंगी।

# कमला बाई जी की 15वीं पुण्यतिथि मनायी गई



**चंद्रेश कुमार जैन. शाबाश इंडिया**

श्री महावीर जी। स्थानीय श्री दिगंबर जैन आदर्श महिला महाविद्यालय परिसर में स्व.कमलाबाई जी की 15वीं पुण्यतिथि मनाई गई बाई जी की पुण्यतिथि के अवसर पर निकटवर्ती जैन मंदिरों में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । श्री दिगंबर जैन पार्श्वनाथ कांच के मंदिर में शांति विधान का पाठ, पूजन विधान, अभिषेक, शांति धारा आदि धार्मिक कार्यक्रम संपन्न किया, दोपहर में महाविद्यालय स्थित कमलाबाई जी की प्रतिमा पर श्री दिगंबर जैन आदर्श महिला महाविद्यालय समिति के पदाधिकारी एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने बाईजी के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित की इस दौरान उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए प्राचार्य डॉ. मुकेश कुमार शर्मा ने कहा कि बाईजी ने महिला रत्न एवं प्रथम स्त्री शक्ति अहिल्याबाई होल्कर पुरस्कारों से सम्मानित होकर ३राजस्थान की मदर टेरेसा३ के रूप में अपनी पहचान बनाई तथा पिछड़े क्षेत्र में महिला शिक्षा की राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाकर नारी चेतना की अलख जगाई। इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य डॉ मुकेश कुमार शर्मा, शाबाश इंडिया के चक्रेश जैन धर्मपत्नी पिंकी जैन, अशोक भारद्वाज, घनश्याम शर्मा, डॉ. भैरव सहाय शर्मा, रामदयाल गुप्ता एवं विभिन्न समाजों तथा महाविद्यालय परिवार व क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# महिलाएं जमीनी स्तर पर सशक्त होंगी तभी समाज में समग्र परिवर्तन होगा: डॉ. सुनीता

## स्त्री विमर्श और साहित्य विषयक संगोष्ठी एवं कहानी पाठ

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

यहां परिष्कार कॉलेज आफ ग्लोबल एक्सीलेंस और प्रगतिशील लेखक संघ के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को ''स्त्री विमर्श और साहित्य'' विषय पर राज्य स्तरीय संगोष्ठी एवं कहानी पाठ का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि प्रतिष्ठित लेखिका और प्रखर आलोचक डॉ. सुनीता ने कहा कि स्त्री सशक्तिकरण के लिए चेतना और व्यवहार के स्तर पर विचार की जरूरत है। स्त्रियों को लेकर जब तक परिवार और समाज में चेतना नहीं आएगी तब तक स्त्री सशक्तिकरण संभव नहीं होगा।डॉ सुनीता ने कहा कि सशक्तिकरण का पहला कदम शिक्षा है। इसी से सर्वांगीण विकास होता है। आज की लड़कियाँ हर क्षेत्र काम कर रही है। उन्हें मनुष्यता के पक्ष में निर्णय के लिए जितना आवश्यक है उतना ही झुकना चाहिए। उन्होने कहा कि स्त्री सशक्तीकरण के लिए जरूरी है कि हम 'पिंक फेमिनिज्म' से ऊपर उठकर 'ग्रासरूट फेमिनिज्म' को अपनाएं। हमें केवल ग्लैमर और प्रतीकात्मकता से आगे बढ़कर वास्तविक



समस्याओं को हल करने पर ध्यान देना होगा। जब महिलाएं जमीनी स्तर पर सशक्त होंगी, तभी समाज में समग्र रूप से परिवर्तन होगा। स्त्री सशक्तीकरण का असली अर्थ तभी पूरा होता है जब महिला खुद अपनी आवाज को पहचानें। स्त्री का सशक्त होना उसके आत्मबल, स्वाभिमान और संघर्ष से जुड़ा हुआ है और यही उसकी असली शक्ति है। स्त्री की संवेदनशीलता पुरुषों से कहीं ज्यादा है। डॉ सुनीता ने कहा कि अक्का महादेवी और राजस्थान की मीराबाई ने प्रतिरोध का रास्ता चुना । उन्होंने झांसी की रानी को भी उन्होंने याद किया और कहा कि स्त्री अभी भी मझधार में है। डॉ सुनीता ने महाभारत कालीन विदुषी महिलाओं का जिक्र करते हुए कहा कि आज जो रचा जा रहा है वह कल प्रभावित करेगा। गांधी जी ने स्वाधीनता आंदोलन की सफलता के लिए स्त्रियों को साथ लिया। महादेवी वर्मा और सुभद्रा कुमारी चौहान ने स्त्री शिक्षा पर जोर दिया। महादेवी वर्मा ने गद्य, रेखाचित्र, कविता और संस्मरण विधाओं में काम किया लेकिन उन्हें केवल कवयित्री तक सीमित कर दिया गया। चाँद और मयार्दा के विशेषांकों के 1914 में स्त्री विशेषांक निकले। कमला नेहरू ने मयार्दा विशेषांक का सम्पादन किया। सुपरिचित साहित्यकार एवं शिक्षाविद डॉ. राघव प्रकाश ने कहा कि स्त्री पुरुष से कई अर्थों में बेहतर है। स्त्री में पुरुष से अधिक संवेदनाएं और अहसास है। मनुष्य के ज्ञानात्मक विकास और तकनीकी इमोशनल डेवलपमेंट से संस्कृति पैदा होती है। उन्होंने कहा 2000 साल के युद्धों का इतिहास देखें तो बारूद का इस्तेमाल सकारात्मक कार्यों में करने की बजाय बंदूक बनाने में किया गया। पुरुष स्वार्थ और स्त्री सेवाभावी की प्रतीक है। गांधी जी ने हिंद स्वराज में मशीनीकरण के दुष्प्रभावों से पहले ही आगाह कर दिया था। शिक्षा के कारण लड़कियां पढ़ने लगी और 80% गोल्ड मेडल आज लड़कियों के पास हैं। हाल ही 65% लड़कियां जज बनी है। संसद में 30% आरक्षण देने का अधिकार लगातार स्थगित किया जा रहा है। पुरुष स्त्री के खिलाफ है। औरतें अब जाग गई है आज औरतों की सामने बड़ा सपना है। औरत को नई दुनिया बनाने की जरूरत है ।

# स्वर्गीय प्रेमकंवर तातेड़ की प्रथम पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर हुआ आयोजित रक्तदाताओं ने किया 62 यूनिट रक्तदान



रोहित जैन. शाबाश इंडिया

बिजयनगर। बिजयनगर प्रातः 11:00 बजे से शांति भवन, बिजयनगर मे रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। जिसमे अरिहंत हॉस्पिटल एंड रिसर्च संस्थान भीलवाड़ा की टीम द्वारा रक्त 62 युनिट एकत्रित किया गया। शिविर के पश्चात शांति, समृद्धि और कल्याण की प्रार्थना हेतु सामूहिक जाप सामूहिक जाप महावीर भवन में दोपहर 2:00 बजे से रखा गया ।सतीशचन्द लुणावत ने 38वी बार,पुखराज तातेड़ ने 55 वी बार रक्तदान किया ज्ञानचंद तातेड़,पुखराज तातेड़,दिलीप कुसुम तातेड़, राकेश तातेड़, मुकेश रचना तातेड़ ने सपत्नी रक्तदान किया। तातेड परिवार के 21 सदस्यों ने रक्तदान किया। सुशीला कर्णावट अजमेर, उर्मिला मेहता किशनगढ़, शर्मिला मेहता किशनगढ़, आनंद कुमार सिंघवी, निंबाहेड़ा,विनोद कुमार सिंघवी निंबाहेड़ा,श्रीमती रानी नागौरी, अभिषेक कोठारी नसीराबाद सहित वर्धमान श्वेतांबर स्थानकवासी जैन श्रावक संघ के अध्यक्ष प्रेमराज बोहरा, संघमंत्री प्रकाशचंद बडोला,पूर्व संघ अध्यक्ष भंवरलाल कोठारी, गोपीचंद चोरडिया, विकास चोरडिया, शक्ति सिंह कोठारी, रतनलाल नाहर, मूलचंद नाबेड़ा ने भी रक्तदाताओं को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया।

# 103वाँ कन्यादान कार्यक्रम संपन्न, 133 व 134 वीं कन्या का भरा मायरा



अमित गोधा. शाबाश इंडिया

ब्यावर। श्रीमद् भागवतत प्रभात फेरीत्न परिवार द्वारा आज रघुनाथ जी के बड़े मंदिर पर परिवार के संरक्षक ओम प्रकाश घीया , संयोजक संजय घीया के सानिध्य में प्रभात फेरी परिवार द्वारा 103वाँ कन्यादान कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसके तहत विवाह योग्य चयनित परिवार की विवाह योग्य कन्या का श्रीमद् भागवत परिवार द्वारा मायरा भरा गया , परिवार द्वारा मायरा अपने स्तर पर भरा जाता है , भागवत परिवार द्वारा कन्या को डबल बेड पलंग, स्टील की अलमारी गद्दे, टेबल कुर्सी, ,छत का पंखा ,प्रेस,सिलाई मशीन ,कूकर , स्टील की टंकी, पानी के केन , सोने चांदी के आभूषण, गो माता,तथा घरेलू रसोई के सामान, स्टील के बर्तन,शादी का बेस ,11 अन्य बेस तथा अन्य सभी दैनिक जरूरत की वस्तुएँ मायरा स्वरूप भेंट की,इस अवसर पर परिवार के भजन गायकों द्वारा मायरे के भजनों की प्रस्तुति दी गई तत्पश्चात प्रसाद वितरण कर दुल्हन की विदाई के साथ संपन्न हुआ।

# गुरु शिष्य कार्यशाला व बाल सभा का हुआ आयोजन

मनोज गंगवाल. शाबाश इंडिया

नावा सिटी। उपखंड मुख्यालय पर पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नावा सिटी में आज गुरु शिष्य कार्यशाला, बाल सभा तथा एसडीएमसी मीटिंग का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य दीपक गौड ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भामाशाह और समाजसेवी राजेश गोयल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में भामाशाह और उद्योगपति वैभव साबू और समाज सेविका



बीजेपी महिला मंडल अध्यक्ष अल्पना अग्रवाल मंचासीन रहे। प्रभारी व्याख्याता कविता शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया की कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं ने बढ़ चढ़कर विभिन्न थीम पर भाषण के रूप में अपनी प्रस्तुतियां दी। प्रथम स्थान पर संयुक्त रूप से कोमल यादव और निहारिका कुमावत रही, द्वितीय स्थान नेहा कुमावत ने तथा तृतीय स्थान प्रीति ने प्राप्त किया ' कार्यक्रम के दौरान उद्योगपति राजेश गोयल ने अपने पिता स्वर्गीय कुंज बिहारी गोयल की स्मृति में ₹600000 की लागत से पुस्तकालय भवन बनाने की घोषणा की जिस पर एसडीएमसी सदस्य सेवानिवृत अध्यापक शिवदत्त शर्मा, कौशल्या छिपा तथा भगवती गुर्जर ने भामाशाह का आभार व्यक्त किया।


JSG जैन सोश्यल ग्रुप नॉर्थ जयपुर

**श्री संजय-श्रीमती चंचल जैन**

सदस्य जैन सोशल ग्रुप नॉर्थ जयपुर

25 नवम्बर' 24




की वैवाहिक वर्षगांठ पर

**हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं**

शुभेच्छु

अध्यक्ष : सुनील सोगानी, आई पी पी : राहुल जैन

संस्थापक अध्यक्ष : मनीष झांझरी

पूर्व अध्यक्ष : अभय गंगवाल, पूर्व अध्यक्ष : संजय जैन

उपाध्यक्ष : अजय बड़जात्या, सचिव : विशुतोष चाँदवाड

सह सचिव : महेंद्र जैन, कोषाध्यक्ष : सुकेश काला

एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्य जैन सोशल ग्रुप नॉर्थ, जयपुर


# शांतिनगर विकास समिति व सलाहकार समिति की मीटिंग आयोजित





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

शांतिनगर विकास समिति व सलाहकार समिति व कॉलोनी के सम्मानित नागरिकों की आज मीटिंग हुई जिसमे नगर निगम से सम्बंधित समस्याओं पर चर्चा हुई। मीटिंग में नगर निगम से वार्ड 81 के एस. आई, कचरा गाड़ी कंपनी के सुपरवाईजर , फि नुलूप कंपनी के कर्मचारी व कॉलोनी के सम्मानित नागरिकों ने भाग लिया। मीटिंग में सभी ने घर घर से कचरा लेने वाली गाड़ी समय पर व रोज नहीं आने, कॉलोनी की कई सड़को पर नियमित झाडू व कचरा नहीं उठने, मंगलवार को सब्जी मंडी से कचरा फैलने व ट्रैफिक जाम की स्थिति से अवगत कराया। मीटिंग में उपस्थित वार्ड एस आई राय बहादुरजी ने आश्वस्त किया है की समस्या का निराकरण किया जावेगा, कचरा गाड़ी सुपरवाईजर सुभाष ने भी गाड़ी का रूट चार्ट बनाकर गाड़ी को समय पर वि रोज भेजा जावेगा का आश्वासन दिया। फि नुलूप कम्पनी के हरिशंकर राजोरा, रविशंकर दास व मनीष ने सभी को गीला सूखा कचरा अलग अलग डालने व सड़को पर कचरा नहीं डालने का अनुरोध किया। इस मीटिंग में विकास समिति अध्यक्ष धीरसिंह शेखावत, उपाध्यक्ष मुकुट सुरोलिया, सचिव राजेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष रामनिवास कुमावत, सदस्य मुरारीलाल शर्मा, घनश्याम तिवारी, अर्जुनसिंह खंगारोत, पुष्पसिंह, पारसमल जैन, रामरूप सिंह शेखावत, सलाहकार समिति से जी.एल . केसवा, बन्ने सिंह, सुभाष अग्रवाल, प. रामचरण शर्मा, व्यापार मंडल अध्यक्ष हेमसिंह शेखावत व कॉलोनी के वरिष्ठ नागरिक श्रीकृष्ण बड़ाया, सुरेश चंद गुप्ता, लक्ष्मण सिंह शेखावत, रविमोहन शर्मा, सन्तोष गुप्ता, ब्रह्म स्वरूप वर्मा, महेन्द्र कुमार अग्रवाल, सूरजभान नाटानी, सुनील जांगिड उपस्थित रहे। अंत में विकास समिति अध्यक्ष धीरसिंह शेखावत ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया व राजेश गुप्ता सचिव ने सभी को आश्वस्त किया की विकास समिति कॉलोनी की समस्या के निराकरण के लिए कार्य करती रहेगी।






# काला परिवार क्लब की एकदिवसीय धार्मिक यात्रा आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

काला परिवार की एक दिवसीय धार्मिक यात्रा श्री महावीर जी के लिए डॉ पी सी काला, विनय काला के मार्गदर्शन में 40 सदस्य यात्रा दल जयपुर से श्रीमहावीर जी, सिकंदरा, गुढ़ा चंद्र जी, कांच के मंदिर शांतिवीर नगर के मंदिरों के दर्शन कर आरती के पश्चात देर रात्रि में जयपुर लौट आया।

# लायंस क्लब जयपुर स्पार्कल की मासिक मीटिंग संपन्न




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** लायंस क्लब जयपुर स्पार्कल की मासिक मीटिंग होटल मीनारास , महावीर नगर, में आयोजित की गई जिसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के साथ साथ दिसम्बर माह में आयोजित होने वाले चार्टर डे, व इंस्टॉलेशन के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। 10 नवंबर को भरतपुर में आयोजित सार्थक सेमिनार में प्राप्त अवार्ड, व मीटिंग के बारे में सभी को अवगत कराया गया। सचिव द्वारा अक्टूबर माह की रिपोर्ट पढ़ी गयी। जोन चेयरपर्सन ला. महादेवी आर्य द्वारा भरतपुर में हुई सेमिनार व केबिनेट मीटिंग व प्राप्त अवार्ड की जानकारी दी गई। साथ ही सभी सदस्याओं का क्लब के प्रति समर्पण भाव की प्रशंसा की गई। मीटिंग में लगभग सभी सदस्याओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।अंत मे सहभोज के साथ मीटिंग का समापन किया गया।

25 नवंबर



## लक्ष्य जैन

को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

**शुभेच्छु**

**समस्त परिवार जन एवं मित्रगण**

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com